नेत्र जांच शिविर में ट्रक चालक लाभान्वित

नवज्योति,चित्तौड़गढ़। चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर द्वारा स्वयं सेवी संस्था उन्नति के सहयोग से 7 वां एक दिवसीय नेत्र जांचच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य वाहन चालकों के नेत्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना एवं उनकी सुरक्षा करना है। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं टीम ने संयंत्र में आने वाले बड़ी संख्या में ट्रक चालकों के यूनिट से जांच की एवं आवश्यकता अनुरूप निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराया। जांच शिविर में बॉडी मास इंडेक्स मूल्यांकन भी शामिल था। इस अवसर पर उन्नति की ओर से नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. चंदन जैन, संदीप कुमार, भैरूलाल माली उपस्थित थे। विगत आयोजित 7 शिविरों में अब तक 592 ट्रक ड्राइवर लाभान्वित हो चुकें हैं। चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर के लॉजिस्टीक विभाग द्वारा आयोजित इस कैम्प में हेड लाजिस्टिक दिनेश प्रजापत ने सभी बिजनेस पार्टनर्स एवं टीम उन्नति का आभार व्यक्त किया। लॉजिस्टिक विभाग के अंजलि राठौड़, दीपक चरण, एवं टीम ने शिविर को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।